23

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्
CENTRAL COUNCIL OF INDIAN MEDICINE

(भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अधीन गठित)

(Constituted under I.M.C.C. Act, 1970)

वार्षिक प्रतिवेदन और परीक्षित लेखा
(1992-93)
Annual Report and Audited Accounts
(1992-93)

1ई/6, स्वामी रामतीर्थ नगर, नई दिल्ली-110055
1E/6, Swami Ramtirath Nagar, New Delhi-110 055

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद



निबन्धक एवं सचिव



भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद

नई दिल्ली-110055

वर्ष 1992-93 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अधीन गठित एक सांविधिक निकाय है। प्रथम परिषद का गठन 1971 में किया गया था। भारत के असाधारण राजपत्र भाग II खण्ड 3 उपखण्ड II दिनांक 7-5-84 में भारत सरकार की अधिसूचना के द्वारा परिषद का पुर्नगठन 1984 में किया गया था।

केन्द्रीय परिषद के प्रमुख प्रयोजन निम्न हैं :-

(I) भारतीय चिकित्सा पद्धति यथा आयुर्वेद सिद्ध और यूनानी के पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा के न्यूनतम मानक विहित करना।

(II) भारतीय चिकित्सा की चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता से सम्बन्धित विषयों पर केन्द्र सरकार को परामर्श देना।

(III) भारतीय चिकित्सा की केन्द्रीय पंजिका का रख-रखाव और समय-समय पर उसे परिशोधित करना।

(IV) भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यास को विनियमित करना और चिकित्साभ्यासियों के आचरण एवं शिष्टाचार तथा आचार संहिता के मानक विहित करना।

स्थापना वर्ष 1971 से ही केन्द्रीय परिषद स्नातकीय और स्नातकोत्तर स्तरों पर भारतीय चिकित्सा पद्धति अर्थात आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की पाठ्य विधि एवं पाठ्यविवरण सहित विभिन्न विनियमों को जारी एवं लागू करती रही है।

भारतीय चिकित्सा पद्धति के लगभग समस्त महाविद्यालय देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध हैं। ये महाविद्यालय परिषद द्वारा विहित शिक्षा के न्यूनतम स्तर, जिनमें पाठ्यविधि एवं पाठ्य विवरण सम्मिलित है, का अनुसरण कर रहे हैं।

परिषद की संरचना

केन्द्रीय परिषद के निम्न सदस्य हैं :-

आयुर्वेद

1. डा॰ डी॰ राधाकृष्ण मूर्ति
2. डा॰ पी॰ बी॰ शतकोपाचार्य
3. डा॰ सुकुमार भट्टाचारजी
4. डा॰ देवव्रत नारायण सिंह
5. डा॰ महेश्वर पाण्डे
6. डा॰ इन्द्रमोहन झा
7. डा॰ अलख नारायण सिंह
8. डा॰ जनार्दन एन॰ दवे
9. डा॰ दिनेश आर॰ पटेल
10. डा॰ कृष्ण चन्द्र शर्मा
11. डा॰ गुलशन राय शर्मा
12. कविराज भूपेन्द्र नाथ गुप्त
13. वैद्य गौरी शंकर द्विवेदी
14. वैद्य पंचैया होशमठ
15. डा॰ ए॰ सी॰ राहुल कुमार
16. डा॰ के॰ माधवन नायर
17. वैद्य पं॰ महेश दत्त शर्मा शास्त्री
18. डा॰ प्रसन्न कुमार जैन
19. वैद्य हरिकृष्ण एस॰ जोशी
20. डा॰ एस॰ आई॰ नागराल
21. डा॰ स्वप्नेश्वर पण्डा
22. वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी
23. वैद्य मदन मोहन पुष्करण (फरवरी, 1993 में निधन)
24. वैद्य उदयशंकर शर्मा
25. वैद्य गोकुलेन्द्र शर्मा
26. डा॰ व्ही॰ नारायण स्वामी
27. डा॰ रामप्रकाश गुप्ता
28. डा॰ हुकम चन्द शर्मा
29. डा॰ प्रेमदत्त शर्मा
30. डा॰ आनन्द राय
31. वैद्य के॰ के॰ पाण्डे
32. डा॰ कनक सिंह खीमा भाई झाला
33. वैद्य श्यामलाल वशिष्ठ शास्त्री
34. डा॰ एल॰ छिक्काराजना
35. डा॰ एस॰ वी॰ सावदी
36. डा॰ सच्चिदानन्द उपाध्याय
37. डा॰ ए॰ के॰ दुलानी
38. वैद्य पं॰ शिवकरण शर्मा छांगाणी
39. वैद्य राधाकृष्ण श्रीधर वारे
40. वैद्य शिवकुमार मिश्र
41. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
42. डा॰ पी॰ के॰ देवनाथ
43. प्रो॰ आर॰ सी॰ चतुर्वेदी
44. वैद्य हरिनारायण स्वामी
45. प्रो॰ वी॰ जे॰ ठक्कर
46. आचार्य प्रियव्रत शर्मा
47. आचार्य प्रियव्रत शर्मा
48. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
49. कविराज नानक चन्द शर्मा
50. वैद्य के॰ एस॰ वारियर
51. डा॰ बी॰ ए॰ हीरेमठ
52. डा॰ डी॰ एल॰ नारायण
53. वैद्य चन्द्रशेखर गौड़
54. डा॰ पी॰ सी॰ भट्टाचार्य

सिद्ध

55. डा॰ जी॰ अन्ना स्वामी
56. डा॰ के॰ पलानीचामी

यूनानी

57. हकीम मो॰ अशरफ करीम
58. डा॰ मदन स्वरूप गुप्ता
59. हकीम मोहम्मद उमर
60. डा॰ धर्म चन्द

61. डा॰ दोलतराम भराज
62. डा॰ बन्सीलाल पण्डित
63. डा॰ अब्दुर्रहमान
64. हकीम अब्दुल मोबिन खान
65. हकीम वेदप्रकाश शर्मा
66. हकीम मो॰ इकबाल खान
67. प्रो॰ हकीम सैयद् खलीफ थुल्लाह
68. डा॰ एम॰ टी॰ खान
69. हकीम मो॰ अहमद लारी
70. डा॰ सैयद शाजी हैदर
71. प्रो॰ हकीम मो॰ तैय्यब
72. हकीम अब्दुल हमीद
73. हकीम फैजान अहमद
74. हकीम फैयाज आलम
75. डा॰ जे॰ डी॰ सन्दरवाले

पदाधिकारी

परिषद के निम्न पदाधिकारी हैं :-

1.	प्रो॰ हकीम सैयद खलीफथ्थुल्लाह	अध्यक्ष
2.	वैद्य पं॰ शिवकरण शर्मा छांगाणी	उपाध्यक्ष आयुर्वेद
3.	हकीम मोहम्मद अहमद लारी	उपाध्यक्ष यूनानी 28-3-1993 से
4.	डा॰ एस॰ आई॰ नागराल	सभापति, शिक्षा समिति आयुर्वेद
5.	प्रो॰ हकीम मोहम्मद तैय्यब	सभापति, शिक्षा समिति यूनानी
6.	डा॰ प्रसन्न कुमार जैन	सभापति, पंजीयन समिति
7.	वैद्य पं॰ महेश दत्त शर्मा शास्त्री	सभापति, विनियम समिति

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 9 के अनुसार केन्द्रीय परिषद की निम्न मुख्य समितियां हैं :-

1. आयुर्वेद समिति
2. सिद्ध समिति
3. यूनानी समिति

उपर्युक्त समितियां भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (I) के खण्ड (क) और (ख) के अधीन निर्वाचित और खण्ड (ग) के अधीन मनोनीत आयुर्वेद सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रतिनिधित्व करने वाली सदस्यों से युक्त है।

धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के उपाध्यक्ष क्रमशः ऊपर संदर्भित समितियों के सभापति हैं।

ऐसे सामान्य या विशिष्ट निर्देशों जो समय समय पर केन्द्रीय परिषद देती है प्रत्येक समिति आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति जैसा भी प्रकरण हो से सम्बन्धित किसी भी विषय को केन्द्रीय परिषद की सक्षमता में करने के लिए समर्थ है।

विभिन्न कार्यों को करने के लिए केन्द्रीय परिषद ने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 10 के अधीन निम्न समितियों का भी गठन किया

कार्यकारिणी समिति

अधिनियम एवं उसके अधीन निर्मित नियमों एवं विनियमों के ढांचे में केन्द्रीय परिषद द्वारा निर्धारित सामान्य नीति एवं सिद्धान्तों के अनुरूप परिषद के कार्यों का निष्पादन करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद सामान्य विनियम 1976 की संख्या 5 के अनुरूप कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। समिति में भारतीय चिकित्सा अर्थात आयुर्वेद सिद्ध एवं यूनानी पद्धतियों का पूर्ण प्रतिनिधित्व है।

कार्यकारिणी समिति के निम्न सदस्य हैं :-

सभापति	1.	प्रो॰ हकीम सैयद खलीफथ्थुल्लाह	अध्यक्ष
सदस्य	2.	वैद्य पं॰ शिवकरण शर्मा छांगाणी	उपाध्यक्ष आयुर्वेद
	3.	हकीम एम॰ ए॰ लारी	उपाध्यक्ष यूनानी (28-3-1993) से
	4.	डा॰ एस॰ टी॰ गूजर	
	5.	वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी	
	6.	डा॰ रामप्रकाश गुप्ता	
	7.	डा॰ के॰ माधवन नायर	
	8.	प्रो॰ हकीम मो॰ तैय्यब	
	9.	हकीम वेदप्रकाश शर्मा	
	10.	डा॰ के॰ पलानीचामी	

विनियम समिति

समय-समय पर यथा आवश्यक केन्द्रीय परिषद के विहित विनियमों को बनाने तथा उससे सम्बन्धित मामलों पर विचार करने के लिए परिषद द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अधीन विनियम समिति का गठन किया गया।

विनियम समिति के निम्न सदस्य हैं :-

सभापति	1.	वैद्य पं॰ महेश दत्त शर्मा शास्त्री
सदस्य	2.	वैद्य मदन मोहन पुष्करण (फरवरी, 1993 में निधन)
	3.	वैद्य हरिनारायण स्वामी
	4.	डा॰ स्वप्नेश्वर पण्डा
	5.	डा॰ पचैया होसमठ
	6.	डा॰ जनार्दन एन॰ दवे
	7.	डा॰ पी॰ बी॰ शतकोपाचार्य

8. डा॰ महेश्वर पाण्डे
9. डा॰ गुलशन राय शर्मा
10. डा॰ डी॰ राधाकृष्ण मूर्ति
11. डा॰ जे॰ डी॰ सन्दरवाले
12. डा॰ बन्सीलाल पण्डित
13. डा॰ अब्दुर्रहमान
14. डा॰ धर्मचन्द

पंजीयन समिति

परिषद ने विभिन्न चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की अनुसूचियों में उनका समावेश करने सम्बन्धी मामलों को देखने तथा इस विषय में अनुशंसाएं करने के लिए पंजीयन समिति का गठन किया। पंजीयन से सम्बन्धित विषयों पर विचार करना भी इस समिति के अधिकार में है।

पंजीयन समिति के निम्न सदस्य हैं :-

सभापति 1. डा॰ प्रसन्न कुमार जैन
सदस्य 2. प्रो॰ आर॰ सी॰ चतुर्वेदी
3. डा॰ कृष्ण चन्द्र शर्मा
4. डा॰ हरिकृष्ण एस॰ जोशी
5. डा॰ पी॰ के॰ देवनाथ
6. डा॰ प्रेमदत्त शर्मा
7. डा॰ ए॰ सी॰ राहुल कुमार
8. डा॰ डी॰ आर॰ पटेल
9. डा॰ बी॰ ए॰ हीरेमठ
10. डा॰ रामप्रकाश गुप्ता
11. डा॰ इन्द्रमोहन झा
12. डा॰ मदन स्वरूप गुप्ता
13. डा॰ एम॰ टी॰ खान
14. डा॰ मो॰ उमर
15. डा॰ दौलतराम भराज
16. डा॰ हकीम फैजान अहमद

शिक्षा समितियां (आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी)

शिक्षा समितियां आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की शिक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यों को करने में सक्षम हैं। आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी शिक्षा समितियों के निम्न सदस्य हैं :-

आयुर्वेद :

सभापति 1. डा॰ एस॰ आई॰ नागराल
सदस्य 2. वैद्य॰ पं॰ शिवकरण शर्मा छांगाणी (उपाध्यक्ष आयुर्वेद)
3. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
4. कविराज नानक चन्द शर्मा
5. डा॰ रामप्रकाश गुप्ता
6. डा॰ आनन्द राय
7. डा॰ सत्यपाल गुप्ता
8. डा॰ हुकम चन्द शर्मा
9. वैद्य शिवकुमार मिश्र
10. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
11. प्रो॰ प्रियव्रत शर्मा
12. कविराज बी॰ एन॰ गुप्त
13. डा॰ व्ही नारायण स्वामी

सिद्ध

सदस्य 1. डा॰ के॰ पलानी चामी
2. डा॰ जी॰ अन्नास्वामी

यूनानी

सभापति 1. हकीम मो॰ तैय्यब
सदस्य 2. हकीम एम॰ ए॰ लारी (उपाध्यक्ष यूनानी)
3. हकीम सैय्यद शाजी हैदर
4. हकीम मो॰ अशरफ करीम
5. हकीम अब्दुल मोबिन खान
6. हकीम अब्दुल हमीद
7. हकीम फैयाज आलम
8. हकीम मो॰ इकबाल खान
9. डा॰ मदन सरूप गुप्ता

वर्ष 1992-93 के दौरान निम्न बैठकें आयोजित की गई :-

1.	भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद	एक
2.	आयुर्वेद समिति	एक
3.	सिद्ध समिति	एक
4.	यूनानी समिति	एक
5.	कार्यकारिणी समिति	चार

6.	शिक्षा समिति आयुर्वेद	एक
7.	शिक्षा समिति यूनानी	एक
8.	विनियम समिति	एक
9.	पंजीयन समिति	एक
10.	चयन समिति	एक

केन्द्रीय परिषद की वार्षिक बैठक नई दिल्ली में 27 और 28 मार्च, 1993 को सम्पन्न हुई। केन्द्रीय परिषद ने वर्ष के दौरान सम्पन्न विभिन्न समितियों के कार्यवृत्तों को दृढ़ किया।

केन्द्रीय परिषद ने निम्न अनुशंसाएं कीं :-

भारतीय चिकित्सा पद्धति में उपाधि और डिप्लोमा प्रदान करने वाली अनाधिकृत संस्थाओं को प्रतिबन्धित करने के लिए प्रस्तावित विधान में सम्मिलित किए जाने वाले निम्न नुक्ते जिन पर अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कक्ष में 16-1-92 को विमर्श हुआ को केन्द्रीय परिषद के द्वारा मान लिया गया :-

(i) केन्द्र सरकार के द्वारा यथा प्रस्तावित कानून पारित किया जाना चाहिए।

(ii) तीन वर्ष तक के कारावास की सजा (कम से कम 6 माह का कारावास) और एक लाख रुपये (कम से कम 10,000/- रुपए) तक के जुर्माने का प्रावधान ऐसे अधिनियम में किया जाना चाहिए।

(iii) अनाधिकृत संस्थाओं में संलग्न स्वामी/प्रबन्धक/अध्यापकों को सजा दी जानी चाहिए।

(iv) विधेयक की धारा 7 में संशोधन करके अपराध को दण्डनीय बनाया जाना चाहिए। इससे पुलिस स्वत: अथवा किसी के द्वारा शिकायत/एफ॰ आई॰ आर॰ देने पर कार्रवाई कर सकेगी, जब भी अधिनियम के अधीन किसी अपराध का पता चलेगा तो सम्बन्धित राज्य सरकारों के अधिकारियों और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के कार्यालय द्वार भी शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

(v) विधेयक में एक अलग धारा प्रदान की जानी चाहिए जिसके अधीन राज्य अधिनियम एवं प्रस्तावों को कार्यान्वित करने, प्रावधानों को लागू करने के लिए प्रबोधन हेतु नियम बनाने में सक्षम हो सके।

(vi) राज्यों के द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन मान्यता प्राप्त अर्हताओं को प्रतिबंधित करती परिवर्णी उपाधियों/प्रमाण पत्रों पर रोक लगाई जानी चाहिए।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने दो वर्ष पूर्व राज्य में आयुर्वेद एवं यूनानी महाविद्यालय को पुन: प्रारम्भ करने का निर्णय लिया था और इसके लिए निधि भी रखी थी परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कुछ नहीं किया गया। यदि महाविद्यालय नहीं खोले गए तो व्यावसायिक स्नातकों के अभाव में भविष्य में अधिकांश औषधालय बन्द हो जायेंगे क्योंकि राज्य के कानून के अनुसार वहां अन्य किसी राज्य का व्यक्ति नियुक्त नहीं किया जा सकता। यह सकंल्प लिया गया कि उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से महाविद्यालय खोलने के लिए जम्मू एवं काश्मीर सरकार से सम्पर्क किया जाय क्योंकि राज्य में प्रारम्भिक सुविधाएं जैसे कि अस्पताल, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और कर्मचारी आदि पहले से ही उपलब्ध हैं।

आयुर्वेद

केन्द्रीय परिषद ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर और गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर के विभागाध्यक्षों से विमर्श के पश्चात् उप-समिति द्वारा पुनरावलोकित आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विवरण एवं पाठ्यविधि को अनुमोदित किया। समिति ने पंचकर्म में भी पृथक से स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने हेतु वैद्य आर॰ एस॰ वारे के प्रस्ताव को स्वीकार किया।

केन्द्रीय परिषद ने डा॰ महेश्वर पाण्डे के द्वारा यथा प्रस्तावित आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम के स्त्रीरोग एवं प्रसूति तंत्र पाठ्यविवरण में जैनेटिक विषय का समावेश करने के लिए उपसमिति की अनुशंसाओं को स्वीकार किया।

केन्द्रीय परिषद ने सकंल्प किया कि आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम में पर्यावरण विषय, उसके रोग एवं उनके निदान को सम्मिलित किया जाय। यह निर्णय लिया गया कि विषय रोग और निदान का विवरण सम्बन्धित विषय में समावेश के लिए इसकी जाँच हेतु तैयार किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, नागपुर को शल्यतंत्र में स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम एवं अगदतंत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की अनुमति देने का निर्णय लिया। आगे यह निर्णय लिया गया कि रोग निदान में स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु प्रविष्ट छात्रों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा निर्धारित मार्ग-दर्शन सिद्धान्त के अनुसार पाठ्यक्रम पूरा करने की अनुमति दी जाय, परन्तु इस विषय में आगे प्रवेश तब तक नहीं दिया जाय जब तक भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा इसकी अनुमति नहीं दी जाती है। संस्था को द्रव्यगुण में स्नातकोत्तर पाठ्क्रम संचालित करने की अनुमति नहीं दी गई है।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि श्री आयुर्वेद महाविद्यालय, नागपुर को निम्न विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जाय :-

1. संहिता, 2. शरीर रचना, 3. शरीर क्रिया, 4. द्रव्यगुण विज्ञान, 5. रसशास्त्र और भैषज्य कल्पना, 6. काय चिकित्सा, 7. शल्यतंत्र एवं 8. शालाक्य तंत्र

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि आयुर्वेद महाविद्यालय, धुले को आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति नहीं दी जाय। महाविद्यालय में प्रवेश तत्काल बन्द किया जाए।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि दयानन्द आयुर्वेद महाविद्यालय, जालन्धर और गुरूनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर को सूचित किया जाय कि जब तक कमियों को दूर नहीं किया जाता और केन्द्रीय परिषद को अनुपालन प्रतिवेदन भेजे जाने तक सत्र 1993-94 से दयानन्द आयुर्वेद महाविद्यालय, जालन्धर में कोई प्रवेश नहीं किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेद महाविद्यालय, रोहतक के परिदर्शन प्रतिवेदन को अंकित किया और निर्णय लिया कि महाविद्यालय की दयनीय दशा और गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेद महाविद्यालय, रोहतक में शिक्षा और प्रशिक्षण की कमी को देखते हुए इसे जारी रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सत्र 1993 से छात्रों का प्रवेश बन्द कर दिया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि मस्तनाथ आयुर्वेद महाविद्यालय, अस्थल बोहर के प्राधिकारियों को केन्द्रीय परिषद के द्वारा विहित न्यूनतम अपेक्षाओं के अनुरुप न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा करने और परिदर्शकों द्वारा परिदर्शन प्रतिवेदन में इंगित कमियों को दूर करने के लिए कहा जाय।

केन्द्रीय परिषद ने विदेशियों के लिए 18 माह का सर्टीफिकेट/डिप्लोमा पाठ्यक्रम अनुमोदित किया। यह निर्णय लिया गया कि यह पाठ्यक्रम भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में लागू किया जा सकता है। आगे यह निर्णय लिया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1970 की धारा 22 (2) के अधीन विहित प्रावधानानुसार इसे समस्त राज्य सरकारों को परिचालित करते हुए भारत सरकार की स्वीकृति हेतु आगे कार्वाई की जाय।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि श्री धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय, चण्डीगढ़ को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के नियमों और विनियमों के अनुसार वर्ष 1992-93 के लिए पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जाय और प्रवेश वरिष्ठता के आधार पर किया जाये।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि कुछ विश्वविद्यालयों ने अपनी राज्य सरकारों की अनुमति पर कुछ आयुर्वेद महाविद्यालय सम्बद्ध किए हैं। परन्तु भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिष्द के स्पष्ट निर्देशों के उपरान्त भी सम्बन्धित राज्य सरकार अथवा विश्वविद्यालय के द्वारा केन्द्रीय परिषद की अनुमति नहीं ली गई है। इन हीन स्तरीय संस्थाओं में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों का अनुपालन नहीं किया गया। विश्वविद्यालय के कुल सचिवों से मानकों का अनुपालन करने और आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए नई संस्थाओं को तब तक सम्बद्ध नहीं करने का बार बार अनुरोध किया गया था जब तक केन्द्रीय परिषद संस्था के न्यूनतम स्तरों का निर्धारण नहीं करती और इसके लिए अनुमति नहीं देती।

केन्द्रीय परिषद के द्वारा मामले पर विस्तार से विमर्श हुआ और इसे गम्भीरता से लिया गया। केन्द्रीय परिषद ने परिषद के द्वारा बनाई गई महाविद्यालयों की सूची का भी अवलोकन किया। यह निर्णय लिया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा अनुमोदित महाविद्यालयों की सूची प्रत्येक राज्य के तीन समाचार-पत्रों (1) अग्रेंजी (2) हिन्दी और (3) क्षेत्रीय भाषा में विशेष तौर पर महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार और उत्तर प्रदेश के मामले में प्रकाशित कराई जाय। स्वास्थ्य विभाग के सम्बन्धित प्राधिकारियों को भी अनुमोदित संस्थाओं की सूची से अवगत करवाया जाय। आगे यह निर्णय लिया

गया कि सम्बन्धित विश्वविद्यालयों को सख्ती से चेतावनी दी जाय और उनसे सम्बद्ध निम्न स्तरीय महाविद्यालयों में प्रवेश बन्द करने को कहा जाय। यदि विश्वविद्यालय परिषद के निर्णय का अनुपालन करते हुए उचित कार्वाई करने में असफल रहते हैं तो उपाधि की मान्यता शीघ्र समाप्त कर दी जाय और इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जाय। सदस्यों को भी रिपोर्ट भेजी जाय।

विनियमों का उल्लंघन

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय निम्न बातों का अनुसरण नहीं कर रहा है- (i) आयुर्वेदीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के मानदण्ड (ii) प्रदान की जा रही उपाधि की नामावलि विहित नामावलि के अनुरुप नहीं है। (iii) पाठ्यक्रम की विषय वस्तु भी भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा यथा विहित के अनुरुप नहीं है।

केन्द्रीय परिषद ने सकंल्प किया कि उपर्युक्त विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जाय कि केन्द्रीय परिषद के द्वारा अनुमोदित नामावलि, पाठ्यविधि और पाठ्यविवरण जैसी मूल बातों को अविलम्ब अपनाया जाय और लागू किया जाय अन्यथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी की स्नातकोत्तर उपाधि की मान्यता समाप्त करने हेतु भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाय।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि श्यामदास वैद्य शास्त्रपीठ, कलकत्ता ने केन्द्रीय परिषद के परामर्श जो कि आयुर्वेद स्नातकोत्तर शिक्षा से सम्बन्धित विनियमों के अधीन अनिवार्य है के बिना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुमति से तीन विषयों अर्थात (i) द्रव्यगुण, (ii) रोग विज्ञान एवं विकृति विज्ञान एवं (iii) शरीर संहिता में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर दिया है।

यह भी अंकित किया गया कि (i) द्रव्यगुण (ii) रोग विज्ञान एवं विकृति विज्ञान और (iii) शरीर संहिता जैसे उन विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी गई है जिनमें कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा पाठ्य विवरण विहित नहों किया गया है, जैसा कि अन्य विषयों में किया गया है। छात्रों को पढ़ाये जाने वाले विषय वस्तु भी ज्ञात नहीं है।

केन्द्रीय परिषद का विचार था कि संस्था की विद्यमान स्थिति के वास्तविक निर्धारण के बिना भविष्य में सरकार के द्वारा किसी भी संस्था को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की अनुमति देना उचित नहीं है। यह भारत सरकार के द्वारा अपने पत्रांक वी 26025/31/78-ए॰ ई॰ दिनांक 16-2-79 द्वारा समस्त राज्य सरकारों के स्वास्थ्य सचिवों को भेजे गए पूर्व निर्णय/निर्देशों के अनुरुप है।

यह निर्णय लिया गया कि संस्था का प्रत्यक्षावलोकन किया जाय ।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे के द्वारा प्रदत्त आयुर्विद्या पारंगत उपाधि भा॰ चि॰ के॰ प॰ अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुंसूची में 1980 तक ही सम्मिलित है। इस सम्बन्ध में भारत के गृहमंत्री के अतिरिक्त निजी सचिव ने अपने पत्रांक 23/ एम ए आर/19 / एच एम पी दिनांक 21-12-92 के द्वारा सूचित किया कि तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे ने पाठ्यक्रम

तो बन्द कर दिया परन्तु पुनरावृत्तकों के लाभ के लिए और पहले से पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए परीक्षाएं 1988 तक ली गई। वर्ष 1988 के पश्चात् कोई भी परीक्षा नहीं ली गई और अब विद्यापीठ भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद से अनुरोध करती है कि 1980 के पश्चात् 1988 तक प्रदत्त आयुर्विद्या पारंगत अर्हता को मान्यता दी जाय।

केन्द्रीय परिषद ने मामले पर विस्तार से विमर्श किया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 1980 या उससे पूर्व प्रविष्ट/पंजीकृत अभ्यर्थियों की अर्हता पर ही विचार किया जाय और विद्यापीठ से विवरण का सत्यापन किया जाय।

नवीन महाविद्यालयों को अनुमति

केन्द्रीय परिषद ने केन्द्रीय परिषद के द्वारा विहित न्यूनतम स्तरों और अपेक्षाओं के अनुरूप आयुर्वेद स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने हेतु संस्था में उपलब्ध न्यूनतम स्तरों और अपेक्षाओं के निर्धारण के पश्चात् निम्न नई संस्थाओं को आयुर्वेद की स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने की अनुमति इस शर्त पर दी गई कि इंगित कमियों को एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाएगा-

1. भारतीय विद्यापीठ आयुर्वेद महाविद्यालय, इरण्डवाने, पुणे
2. आयुर्वेद महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र पूना जिलाशिक्षा संगठन, अकुर्डी
3. आर० जे० एम० एच० भाई साहेब सावंत आयुर्वेद महाविद्यालय, सावन्तवाड़ी

महाविद्यालयों का परिदर्शन

स्नातकीय/स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा विहित न्यूनतम स्तरों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप न्यूनतम स्तरों एवं अपेक्षाओं के निर्धारण हेतु संस्थाओं/आयुर्वेद महाविद्यालयों का वर्ष के दौरान परिदर्शन किया गया :-

वर्ष 1992-93 के दौरान परिदर्शित आयुर्वेद महाविद्यालयों की सूची

संस्था/महाविद्यालय का नाम	परिदर्शन की तिथि	स्नातकीय/ स्नातकोत्तर
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक		
श्री माडूंसिंह मेमोरियल महिला आयुर्वेद, उपाधि महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत, (हरियाणा)	29-9-92	स्नातकीय
गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेद महाविद्यालय, रोहतक(हर०)	28-9-92	स्नातकीय
मस्तनाथ आयुर्वेद महाविद्यालय, अस्थल बोहर (हर०)	30-9-92	स्नातकीय
गुरूनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर		
दयानन्द आयुर्वेद महाविद्यालय, जालन्धर (पंजाब)	21-5-92	स्नातकीय
आन्ध्र प्रदेश विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य विज्ञान, विजयवाड़ा		
एस० वी० आयुर्वेद महाविद्यालय, तिरूपति, आन्ध्र प्रदेश	25-6-92	स्नातकीय
कुवेम्पू विश्वविद्यालय, शिमोगा		
ए० एल० एन० राव मेमोरियल आयुर्वेद महाविद्यालय, कोप्पा, (कर्नाटक)	31-7-92	स्नातकीय
गुलबर्गा विश्वविद्यालय, गुलबर्गा, (कर्नाटक)		
आयुर्वेद महाविद्यालय, बीदर (कर्नाटक)	10-3-92	स्नातकीय
पूना विश्वविद्यालय, पुणे		
सिद्धकला आयुर्वेद महाविद्यालय, संगमनेर, (महा०)	30-11-92	स्नातकीय
भारतीय विद्यापीठ आयुर्वेद महाविद्यालय, इरण्डवाने	1-12-92	स्नातकीय
कालेज आफ आयुर्वेद एवं रिसर्च सेन्टर, पूना	2-12-92	स्नातकीय
जिला एजूकेशन एसोसिएशन अकुर्डी (महाराष्ट्र)		
आयुर्वेद महाविद्यालय, संगमनेर, जिला अहमदनगर (महा०)	12-3-92	स्नातकीय
तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय, पुणे (महाराष्ट्र)	18-3-92	स्नातकोत्तर
शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर		
गंगा एजूकेशन सोसायटी आयुर्वेद महाविद्यालय, कोल्हापुर (महाराष्ट्र)	3-12-92	स्नातकीय
सेठ गोविन्दजी रावजी आयुर्वेद महाविद्यालय, शोलापुर (महाराष्ट्र)	20-3-92	स्नातकोत्तर
बम्बई विश्वविद्यालय		
आर० जे० एम० एच० भाई साहेब आयुर्वेद महाविद्यालय, सावन्तवाड़ी (महाराष्ट्र)	4-12-92	स्नातकीय
आयुर्वेद महाविद्यालय, सायन बम्बई (महाराष्ट्र)	22-3-92	स्नातकोत्तर

यूनानी

केन्द्रीय परिषद ने यूनानी तिब्बी महाविद्यालयों में एक वर्षीय विशिखानुप्रवेश सहित 4½ वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम प्रत्येक 2½ वर्ष के पश्चात् तीन व्यावसायिक परीक्षाएं प्रारम्भ करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया।

केन्द्रीय परिषद ने अध्यापन कार्यक्रम और अस्पताल के कार्य को सुचारू रूप से लागू करने से सम्बन्धित परिषद के निर्णय के प्रकाश में प्रो० फरीदगनी, निदेशक शैक्षिक कार्यक्रम, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के पत्र की विषय सूची को अंकित किया। यह अनुरोध किया गया था कि निम्न पर स्पष्टीकरण दिया जाय-

"यूनानी के स्नातकीय पाठ्यक्रम के छात्रों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम विशेषकर शल्य, रेडियोलोजी, एनसथीसियालोजी और पैथोलोजी। उपर्युक्त पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित पुस्तकें।"

केन्द्रीय परिषद ने प्रकरण पर विचार किया और उन्हें यह सूचित करने का संकल्प लिया कि केन्द्रीय परिषद के द्वारा पहले से ही अन्तिम रूप दिए गए पाठ्यविधि एवं पाठ्य विवरण जो केन्द्र सरकार की स्वीकृति हेतु लम्बित है, व्यापक और स्वत: स्पष्ट है।

राजकीय तिब्बिया महाविद्यालय, पटना और निजामिया तिब्बिया महाविद्यालय एवं अस्पताल, गया को दो वर्षों के लिए यूनानी तिब्ब में स्नातकीय पाठ्यक्रम प्रदान करने की अनुमति दी गई। परिदर्शन प्रतिवेदन में इंगित कमियों को पूरा करने हेतु संस्था के प्राधिकारियों, विश्वविद्यालय और राज्य सरकार को प्रेषित किया गया।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि यूनानी तिब्ब में कामिले-तिब्ब-ओ-जराहत का संशोधित पाठ्यक्रम भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 36 के अधीन यथा अपेक्षित स्वीकृति के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) ने अपने पत्र दिनांक 28-9-92 के द्वारा सूचित किया कि विद्यमान और प्रस्तावित पाठ्यविवरण के सम्बन्ध में दिया गया औचित्य स्पष्ट नहीं है और उसके लिए विस्तृत विमर्श अपेक्षित है।

यह सुझाव दिया गया कि मामले को आगे ले जाने से पूर्व मंत्रालय में माननीय परामर्शदाता (यूनानी) से विमर्श किया जाय। मंत्रालय की टिप्पणियों पर पर्याप्त विचार करने के पश्चात् यह विचार किया गया कि प्रस्तावित पाठ्यविधि और पाठ्यविवरण प्रत्येक दृष्टि से स्पष्ट है। अत: मंत्रालय से पुन: अनुरोध किया जाय कि इसे देखे और यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान करें।

केन्द्रीय परिषद ने यूनानी समिति के इस विचार को मान लिया कि केन्द्रीय परिषद के द्वारा यूनानी पाठ्यक्रम में प्रवेश के उद्देश्य के लिए अनुमोदित प्राच्य अर्हताओं की सूची की पुनरीक्षा की जाय।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि यूनानी तिब्ब में स्नातकोत्तर शिक्षा से सम्बन्धित विहित विनियमों में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा अनुमोदित संशोधन भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 36 के अधीन यथा अपेक्षित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की स्वीकृति के लिए प्रेषित किए गए थे। इसके उत्तर में मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांक 14-9-90 के द्वारा सूचित किया कि मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और पाया कि निम्न भिन्नता की पुष्टि की जाय :-

क्रम संख्या 2 इल्मुल अमराज व अमराजे जरासीम (पैथालाजी और बैक्टीरियालोजी) और क्रम संख्या 11 पर "इलमुल अमराज" (पैथालोजी) दोनों समान हैं। इलमुल अमराज में इलमुल जरासीम अर्थात बैक्टीरियालोजी भी सम्मिलित है।"

उपर्युक्त पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को निम्न स्पष्टीकरण भेजा गया:-

"पैथालोजी और बैक्टीरियालोजी दोनों भिन्न विषय हैं। और दोनों सम चिकित्सीय वर्ग से सम्बन्ध रखते हैं। चूंकि नैदानिक क्षेत्र में दोनों अन्योन्य सम्बन्धित हैं, दोनों का इकट्ठा शिक्षण और परीक्षा सम्भव है। अत: या तो इल्मुल अमराज या इलमुल जरासीम (क्रम संख्या 2) पर अथवा मात्र इल्मुल जरासीम क्रम संख्या-2 पर और इल्मुल अमराज क्रम संख्या-11 पर होना चाहिए।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पुन: कहा कि परामर्शदाता (यूनानी) से इस मामले में परामर्श किया गया है जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के विचारों से सहमत नहीं है। अत: वे मामले पर पुनर्विचार करें और यदि अपेक्षित हो तो परामर्शदाता यूनानी को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के विचार विमर्श में सहायक बनाया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने प्रकरण पर विचार किया और संकल्प लिया कि इस मामले पर शिक्षा समिति जिसमें योग्य तकनीकी कार्मिक हैं के द्वारा दो बार विचार किया जा चुका है और आगे विचार बिल्कुल व्यर्थ है। स्वीकृति पहले ही विलम्बित हो चुकी है, अत: मामले में और आगे विलम्ब की बजाय शीघ्र स्वीकृति दी जाय।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि यूनानी तिब्ब के स्नातकीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के उद्देश्य से उर्दू का ज्ञान दसवीं कक्षा अथवा मंडल/विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त उर्दू में समकक्ष परीक्षा तक होना चाहिए।

केन्द्रीय परिषद ने हकीम तशरवीर अहमद द्वारा संकलित कुल्लियाते-उमूरे-ए-तबीया पुस्तक को कामिले-तिब्ब-ओ-जराहत पाठ्यक्रम के कुल्लियाते-उमूरे-ए-तबीया विषय हेतु संदर्भ पुस्तक के रूप में संस्तुत किया।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि वर्तमान में 1970 अथवा उससे पूर्व लिखी गई पुस्तकों को कामिले-तिब्ब-ओ-जराहत पाठ्यक्रम के लिए विहित किया हुआ है। विषय का अद्यतन ज्ञान देने के लिए ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण पाने वाले छात्रों को पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों पर अद्यतन पुस्तकें विहित करना अनिवार्य है। विषय पर अद्यतन पुस्तकें विहित करने पर यूनानी महाविद्यालय चिकित्सकों को चिकित्सीय/शल्य चिकित्सा के मामलों को सक्षमता से निपटने में समर्थ बना सकेंगे।

यह निर्णय लिया गया कि निम्न सदस्यों की उप-समिति कामिले-तिब्ब-ओ-जराहत पाठ्यक्रम के लिए पाठ्य पुस्तकें अद्यतन करे-

1. हकीम एम॰ ए॰ लारी
2. हकीम सैयद शाजी हैदर
3. डा॰ एम॰ एस॰ गुप्ता

केन्द्रीय परिषद ने संकल्प लिया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय जिससे तिब्बिया महाविद्यालय सम्बद्ध है में पृथक रूप से यूनानी चिकित्सा संकाय अथवा आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा संकाय होना चाहिए।

यूनानी महाविद्यालयों का परिदर्शन

यूनानी तिब्ब में स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा विहित न्यूनतम स्तरों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप न्यूनतम स्तरों एवं अपेक्षाओं के निर्धारण हेतु निम्न यूनानी महाविद्यालय का परिदर्शन किया गया-

हमदर्द तिब्बी महाविद्यालय (जामिया हमदर्द) नई दिल्ली 31.3.93 स्नातकीय

सिद्ध

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि सिद्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा अनुमोदित सिरप्पु मरूथुवम और कुझनथई मस्थुवम विषयों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 36 के अधीन यथा अपेक्षित स्वीकृति के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया था। मंत्रालय ने अपने पत्रांक वी 26017/1/88-ए॰ ई॰ दिनांक 9-10-92 के द्वारा निम्न सूचित किया :-

1. ऊपर उल्लिखित दोनों पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के अन्त में चार प्रश्न-पत्रों की परीक्षा होगी। दोनों पाठ्यक्रम में जीव-रसायन, जीव भौतिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान और रोग विज्ञान सहित मूल सिद्धान्त (आधुनिक) निहित है।
2. तृतीय वर्ष के अन्त में अन्तिम परीक्षा में चार प्रश्न पत्र हैं। चतुर्थ प्रश्न पत्र के प्रथम पाठ्यक्रम में केवल आधुनिक विकलांग विज्ञान है और द्वितीय पाठ्यक्रम में आधुनिक कौमारभृत्य है।
3. जहां तक हमें ज्ञात है आयुर्वेद अथवा यूनानी के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ऐसे कोई प्रश्न-पत्र अथवा पाठ्यक्रम भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा अनुमोदित नहीं है।

यह अनुरोध किया गया कि आयुर्वेद एवं यूनानी स्नातकोत्तर अध्ययन के ऐसे प्रश्न-पत्रों और पाठ्यक्रमों के बारे में स्पष्टीकरण भेजा जाय ताकि एकरूपता बनाई जाय अन्यथा इससे आयुर्वेद और यूनानी छात्रों में उलझन हो जाएगी। इस सम्बन्ध मे यह भी अंकित किया गया कि आयुर्वेद एवं यूनानी स्नातकोत्तर अध्ययन में जैसा कि ऊपर उल्लिखित है ऐसा कोई प्रश्न-पत्र अथवा पाठ्यक्रम नहीं है। केन्द्रीय परिषद ने प्रकरण पर काफी विवाद के पश्चात् सिद्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अधीन सिरप्पु मरूथुवम और कुझनथई मरूथुवम के विवरण को केन्द्रीय परिषद द्वारा अनुमोदित और भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत आयुर्वेद एवं यूनानी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अनुरूप संशोधित किया।

केन्द्रीय परिषद ने सिद्ध मरूथुवम अरिग्नर (बैचलर आफ सिद्ध मैडीसिन एण्ड सर्जरी) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों के विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण के उद्देश्य के लिए निम्न जिला सिद्ध अस्पतालों को मान्यता दी :-

1. नेल्लाई काटावोमन जिला अस्पताल, तनकासी।
2. कामराज जिला अस्पताल, विरुधूनगर।
3. पासुमपान देवार जिला अस्पताल, शिवांगगई।
4. मदुरै जिला अस्पताल, पैरिकुलम।
5. सम्बु वरियर जिला अस्पताल तिरुवन्नामलाई।
6. थंजावुर जिला अस्पताल, कुम्बाकोनम।

सिद्ध समिति भारत सरकार से यह अनुरोध करने का संकल्प लेती है कि डा॰ केशव पिल्ले के निधन के कारण रिक्त स्थान पर डा॰ एम॰ ए॰ कुमार, सहायक परामर्शदाता (सिद्ध) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को नामजद किया जाय। इससे परिषद के पुनर्गठन तक सिद्ध पद्धति के उचित विकास में सहायता मिलेगी।

सामान्य

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि आयुर्वेद/सिद्ध/यूनानी में शोध कार्य के वर्तमान स्तर पर विमर्श करने और उन्हें स्नातकीय/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के पाठ्यविवरण में लागू करने के उपायों पर विचार करने हेतु केन्द्रीय परिषद के द्वारा आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी की शोध परिषदों और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,जयपुर, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे जैसे विश्वविद्यालयों के अध्यक्षों और आयुर्वेद के स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय पलायमकोट्टैई के प्रतिनिधियों सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों, शिक्षा समिति (आयुर्वेद) एवं (यूनानी) विनियम समिति, पंजीयन समिति के सभापतियों की बैठक आयोजित की जाय।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि स्नातकीय महाविद्यालय से रु॰ 5000/- प्रतिवर्ष और स्नातकोत्तर विभाग के लिए रु॰ 2000/- प्रति विभाग, अधिकतम रु॰ 10,000/- तक यदि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर के पाँच अथवा इससे अधिक विभाग हों, से वार्षिक शुल्क के रूप लिए जावें।

आगे यह निर्णय लिया गया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रत्येक महाविद्यालय का दो वर्षों में कम से कम एक बार निरीक्षण हो। यह वर्ष 1992-93 से आगे लागू होगा।

भारतीय चिकित्सा पद्धति के नए आरम्भ हो रहे प्रत्येक महाविद्यालय से रु॰ 10,000/- निरीक्षण शुल्क के रूप मे लिए जाय और उसे अग्रिम तौर पर लिया जाय।

समिति ने अंकित किया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों के द्वारा एलोपैथी औषधियों का प्रयोग करने के सम्बन्ध में दिल्ली में भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों में बड़ा आन्दोलन हुआ है। इस सम्बन्ध में यह भी अंकित किया गया कि केन्द्रीय परिषद ने 10 एवं 11 मई 1987 को सम्पन्न अपनी 17वीं बैठक में इस सम्बन्ध में निम्न प्रस्ताव पारित किया था-

केन्द्रीय परिषद की यह बैठक सर्वसम्मति से संकल्प लेती है कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1970 के खण्ड (ड) उपधारा 2 (1) में आधुनिक प्रगतियों शब्द को आधुनिक

वैज्ञानिक चिकित्सा नैदानिक गैरनैदानिक जीव विज्ञान और समय-समय पर की गई तकनीकी खोजों में हुई प्रगतियों के रूप में पढ़ा जाय और घोषित किया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा संचालित और मान्य पाठ्यक्रम और पाठ्यविवरण ऐसी आधुनिक प्रगतियों से पूरक हैं।'' प्रकरण पर आगे विस्तारपूर्वक विमर्श हुआ। भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों के द्वारा आधुनिक औषधियों के प्रयोग से सृजित विवाद के वर्तमान संकट को देखते हुए समिति का दृढ़ मत था कि भारतीय चिकित्सा पद्धति के पाठ्यक्रम में शल्य प्रसूति और क्रियात्मक चिकित्सा का पर्याप्त ज्ञान है, वे आधुनिक औषधियों का प्रयोग करने में सक्षम हैं।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि भारत सरकार ने केरल में आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु केन्द्रीय परिषद के अभिमत हेतु प्रस्ताव भेजा है।

केन्द्रीय परिषद के ध्यान में लाया गया कि समस्त राज्य सरकारों से पहले ही अनुरोध किया जा चुका है कि वे अपने राज्य में भारतीय चिकित्सा पद्धति के विश्वविद्यालय की स्थापना करें।

यह निर्णय लिया गया कि भारत सरकार से अनुरोध किया जाय कि वह इसके लिए राज्य सरकार को निर्देश देवें। केरल सरकार को भी सूचित किया जाय कि यदि केरल सरकार अपने राज्य में भारतीय चिकित्सा पद्धति का विश्वविद्यालय स्थापित करने हेतु आगे आए तो केन्द्रीय परिषद को प्रसन्नता होगी।

केन्द्रीय परिषद ने संकल्प किया कि चिकित्सा व्यवसाय को उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 के अधीन नहीं लाया जा सकता, क्योंकि चिकित्सा व्यवसाय की पहुँच हमेशा रोगी के हित के लिए है। आपात स्थिति में चिकित्सा सलाहकार को रोगी की जीवन रक्षा के लिए अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करना पड़ता है और सभी चिकित्साभ्यासी चिकित्सा संहिता से बंधे होते हैं, उनके निर्णय और विवेक को भारतीय चिकित्सा पद्धति स्तर जैसे किसी मापीय स्तर से मापा नहीं जा सकता। आगे भारत सरकार से अनुरोध करने का संकल्प लिया गया कि चिकित्सा व्यवसाय को उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 से बाहर किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने संकल्प किया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुरोध किया जाय कि वे केन्द्रीय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप समस्त राज्य अधिनियमों में संशोधन हेतु समस्त राज्य सरकारों को आवश्यक निर्देश जारी करे।

भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर

भारतीय चिकित्सा के केन्द्रीय रजिस्टर को तैयार करना और उसका रख-रखाव केन्द्रीय परिषद के मुख्य कार्यों में से एक है। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 23 के अनुसार केन्द्रीय परिषद विहित पद्धति में भारतीय चिकित्सा का एक रजिस्टर रखवाएगी जो भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर कहलाएगा और जिनमें उन सभी व्यक्तियों के नाम होंगे जो तत्समय किसी भारतीय चिकित्सा के राज्य रजिस्टर में नामावलिगत हों और जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में समाविष्ट मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हताओं में से कोई भी रखते हों।

आन्ध्र प्रदेश, आसाम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल, मध्य प्रदेश और दिल्ली का 1986 तक का भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर तैयार हो चुका है और भारत के राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है।

शेष राज्यों अर्थात बिहार, गुजरात, केरल, महाराष्ट्र और राजस्थान से सम्बन्धित केन्द्रीय रजिस्टर भी तैयार हो चुका है और भारत के राजपत्र में अधिसूचना के लिए भारत सरकार मुद्रणालय में भेजा जा चुका है।

उत्तर प्रदेश की राज्य परिषद के प्रारम्भ से वर्ष 1986 तक का पूरा राज्य रजिस्टर बार-बार अनुरोध करने/अनुस्मारक भेजने पर भी निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त नहीं हुआ है। इस प्रकरण पर 28-3-93 को सम्पन्न केन्द्रीय परिषद की बैठक में विचार हुआ था। यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार को स्पष्ट रुप से सूचित किया जाय कि जब तक केन्द्रीय परिषद द्वारा अनुमोदित प्रपत्र के अनुसार पूरी सूचना सहित राज्य रजिस्टर प्राप्त नहीं हो जाता है केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करने में कुछ नहीं किया जा सकता है।

केन्द्रीय परिषद ने जनवरी, 1987 से मार्च, 1991 तक के लिए भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करने का कार्य पहले से प्रारम्भ कर दिया है।

केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय परिषद के परामर्श पर आयुर्वेद की एक चिकित्सा अर्हता को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में समावेश के लिए अधिसूचित किया। वर्ष के दौरान अमरावती विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदत्त निम्न चिकित्सा अर्हता को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित किया गया :-

क्रम संख्या	प्रदाय निकाय का नाम	अर्हता	वर्ष
1.	अमरावती विश्वविद्यालय अमरावती	आयुर्वेदाचार्य (बैचलर आफ आयुर्वेदिक मैडिसिन एण्ड सर्जरी)।	1989 से आगे

प्रशासन एवं वित्त

केन्द्रीय परिषद ने केन्द्रीय परिषद के पुस्तकालय से पुस्तकें जारी करने हेतु नियम अनुमोदित किये। केन्द्रीय परिषद ने केन्द्रीय परिषद के कार्यालय के लिए निम्न सदस्यों से सन्निहित विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया :-

1. अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद
2. उपाध्यक्ष, (आयुर्वेद/सिद्ध/यूनानी)
3. डा॰ रामप्रकाश गुप्ता

4. डा॰ के॰ पलानीचामी
5. आचार्य राजकुमार जैन, सचिव

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने पत्रांक वी 26011/5/86-एम॰ डी॰ दिनांक 8-11-91 के द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के तकनीकी अधिकारियों को चिकित्साभ्यास बन्दी भत्ता देना स्वीकृत किया।

केन्द्रीय परिषद ने संकल्प किया कि भारत सरकार से वेतनमान रु॰ 2200-4000 में सहायक निबन्धक सिद्ध का पद शीघ्र सृजित करने और उस पर सिद्ध शिक्षा से तकनीकी कार्यों को देखने के लिए यथाशीघ्र सिद्ध पद्धति का तकनीकी अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया जाय, क्योंकि सारी शब्दावली तमिल में है।

केन्द्रीय परिषद एक लघु संगठन है। तथापि भारत सरकार के द्वारा विभिन्न वर्गों के आरक्षण के लिए हर सम्भव सावधानी बरती गई है। केन्द्रीय परिषद के 35 कर्मचारियों में विभिन्न वर्गों के लिए किया गया आरक्षण निम्न हैं :-

अनुसूचित जाति	4
अनुसूचित जन जाति	2
विकलांग	2
भूतपूर्व सैनिक	1

आय के स्रोत

वर्ष 1992-93 के लिए केन्द्रीय परिषद द्वारा अनुमोदित और सरकार के द्वारा जारी/स्वीकृत बजट प्राक्कलन और संशोधित प्राक्कलन निम्न हैं :-

		गैर योजना	योजना
		रुपया लाख	रुपया लाख
1.	बजट प्राक्कलन 1992-93 (परिषद के द्वारा अनुमोदित)	33.21	51.00
2.	बजट प्राक्कलन 1992-93 (मंत्रालय के द्वारा स्वीकृत)	16.00	15.00
3.	संशोधित प्राक्कलन 1992-93 (परिषद के द्वारा अनुमोदित)	19.61	15.00
4.	संशोधित प्राक्कलन 1992-93 (मंत्रालय के द्वारा स्वीकृत)	18.00	15.00
5.	मंत्रालय द्वारा वर्ष 1992-93 में जारी सहायता अनुदान	17-04	शून्य

कार्यालय : महानिदेशक लेखा परीक्षा,
केन्द्रीय राजस्व,
नई दिल्ली-2

सं॰ ओ॰ ए॰ डी॰ 4/एस॰ ए॰ आर॰/सी॰ सी॰ आई॰ एम॰/93-94 दिनांक : 3-2-94

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन
नई दिल्ली।

विषय :-वर्ष 1992-93 के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद नई दिल्ली पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

महोदय,

मैं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 1992-93 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र सहित संसद के पटल पर रखने के लिए संलग्न करता हूँ।

संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियाँ, उस तिथि को दर्शाते हुए जब ये संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए।

कृपया पावती भेजें।

भवदीय
हस्ता॰/-
निदेशक लेखा परीक्षा
(निरीक्षक-I)

अनुलग्नक :-यथोपरि

कार्यालय : महानिदेशक लेखा परीक्षा,
केन्द्रीय राजस्व,
नई दिल्ली-2

सं॰ ओ॰ ए॰ डी॰ 4/एस॰ए॰ आर॰/सी॰ सी॰ आई॰ एम॰/93-94/638 दिनांक : 3-2-94

प्रति प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र सहित सचिव, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, 1-ई/6, स्वामी रामतीर्थ नगर (झण्डेवालान प्रसार), नई दिल्ली-110055 को उनके पत्र सं॰ 10-13/93 लेखा दिनांक 24-1-94 के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित की जाती है। वह तिथि जिसकी शासी निकाय द्वारा प्रमाणित वार्षिक लेखों पर विचार किया गया है, संबंधित दस्तावेजों सहित इस कार्यालय को सूचित किया जाए। प्रमाणित वार्षिक लेखे के हिन्दी रूपान्तर की पाँच प्रतियाँ भी शीघ्र इस कार्यालय को भेजी जाएं।

निदेशक लेखा परीक्षा
निरीक्षण

सं॰ओ॰ए॰4/एल॰ए॰ आर॰/सी॰ सी॰ आई॰ एम॰/93-94 दिनांक : 3-2-94

प्रति प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र सहित श्री सरूप सिंह, प्रशासन अधिकारी (रिपोर्ट ए॰ बी॰) भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के कार्यालय, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली को मुख्यालय कार्यालय के पत्र सं॰ 8-9-रिपोर्ट (स्वा॰नि॰)298-93 दिनांक 13-1-94 के संदर्भ में अग्रेषित की जाती है।

मुख्यालय की टिप्पणियों/अभ्युक्तियों के उत्तरों से समाविष्ट विवरण संलग्न हैं।

यह नि॰ ले॰ प॰ के॰ रा॰-1 के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनुलग्नक :- यथोपरि

निदेशक लेखा परीक्षा
निरीक्षण

वर्ष 1992-93 के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद नई दिल्ली के लेखाओं का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

1. **परिचय**

भारतीय चिकित्सा पद्धति के पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा के न्यूनतम मानक विहित करने भारतीय चिकित्सा की केन्द्रीय पंजिका का अनुरक्षण आदि और उससे सम्बन्धित अन्य विषयों के प्रयोजन से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1970 के अधीन 1971 में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद की स्थापना की गई थी।

परिषद को वित्त की पूर्ति मुख्यत: भारत सरकार से प्राप्त अनुदान से होती है। परिषद को वर्ष 1992-93 के दौरान गैर-योजना के अधीन 17.04 लाख रुपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। परिषद के विनियम, 1976 के अधीन नियम 86 के अनुसार परिषद के लेखाओं की लेखा परीक्षा नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियां और सेवा शर्तें अधिनियम, 1971 की धारा 19 (2) अधीन की जाती है।

लेखाओं पर अभिमत

2. **रु 1.15 लाख के स्फीत व्यय का चित्रण**

परिषद की कार्यकारिणी समिति के अक्टूबर 1992 को हुए निर्णय के अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति के समस्त महाविद्यालयों को स्नातक के लिए रु॰ 5,000/- प्रति वर्ष और स्नातकोत्तर के प्रत्येक विषय के लिए प्रति वर्ष रु॰ 2,000/- प्रतिवर्ष परिषद में जमा करवाने थे।

इस भांति एकत्रित राशि को बचत खाता के पृथक लेखा में रखा जाना था और भारतीय चिकित्सा पद्धति की शिक्षा एवं संस्थाओं की परिषद द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप न्यूनतम स्तरों के आवधिक निर्धारण हेतु परिदर्शकों द्वारा महाविद्यालयों के आवधिक परिदर्शन हेतु इसका उपयोग किया जाना था।

वार्षिक लेखाओं की जाँच पर ज्ञात हुआ कि परिषद ने वर्ष 1992-93 के दौरान मान्यता शुल्क के रुप में 2.87 लाख रु॰ प्राप्त किए जिसमें से 1.15 लाख रुपए प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा में भुगतान में और आय एवं व्यय लेखा लेखा के व्यय में भारतीय चिकित्सा पद्धति महाविद्यालयों से प्राप्त मान्यता शुल्क शीर्ष के अधीन दर्शाए। चूंकि 1.15 लाख रुपये की राशि बैंक में पृथक बचत खाता में शेष थी। अत: इस राशि को प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा में अन्तिम शेष में दर्शाया जाना चाहिए था। रु 1.15 लाख को व्यय के रुप में दर्शाने के कारण प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा में अन्तिम शेष को कम करके बतलाया गया है और व्यय से आय की अधिकता की न्यूनोक्ति है और आय एवं व्यय लेखा में इस सीमा तक व्यय को अधिक करके बतलाया गया है।

परिषद द्वारा लेखा परीक्षा को दिखाए गए संशोधित लेखा में (जनवरी, 1994) इस त्रुटि को दूर कर दिया गया।

3. पैंशन एवं निवृत्ति उपदान योजना

परिवार पैंशन योजना युक्त पैंशन एवं निवृत्ति उपदान योजना परिषद में अप्रैल 1983 से प्रारम्भ की गई थी। योजना की शर्तों के अनुसार पैंशन निधि परिषद के पास पहले से ही उपलब्ध अंशदायी भविष्य निधि में नियोक्ता के अंशदान और एतद्विध निधियों के निवेश पर उपार्जित ब्याज सहित निधियों से निर्मित किया जाना था और केन्द्र सरकार के द्वारा इसके संवर्धन के लिए कोई अतिरिक्त अनुदान निर्गमित नहीं किया जाना था। परिषद ने तथापि 1983-84 के दौरान रु 3.76 लाख 1992-93 के दौरान रु 0.57 लाख सहित नियोक्ता के अंशदान के रुप में स्थानान्तरित किए। मंत्रालय के द्वारा निधि स्थानान्तरण को नियमित करने हेतु कोई विशिष्ट स्वीकृति जारी नहीं की गई है। वर्ष 1983-84 से 1991-92 तक की अवधि के दौरान निधियों का अनियमित स्थानान्तरण पर वर्ष 1987-88, 1988-89, 1989-90,1990-91 और 1991-92 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में टिप्पणी की गई थी।

हस्ताक्षर
महानिदेशक लेखा परीक्षा
केन्द्रीय राजस्व

स्थान-नई दिल्ली

तिथि

लेखा परीक्षा प्रमाण-पत्र

मैंने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली के 31 मार्च 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष के अदायगी एवं भुगतान का लेखा/आय एवं व्यय लेखा और 31 मार्च 1993 को यथा तुलन पत्र की जांच कर ली है। मैंने सभी अपेक्षित सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं तथा संलग्न लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में दी गई अभ्युक्तियों के अधीन रहते हुए अपनी लेखा परीक्षा के परिणामस्वरूप मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरी राय तथा मेरी सर्वोत्तम जानकारी तथा मुझे दिए गए स्पष्टीकरण तथा परिषद की बहियों में दर्शाए गए उल्लेखों के अनुसार ये लेखा और तुलन पत्र उपयुक्त रूप से तैयार किए गए हैं और परिषद के कार्यकलापों का सही उचित रूप प्रस्तुत करते हैं।

ह०/
मुख्य निदेशक लेखा परीक्षा
केन्द्रीय राजस्व

स्थान-नई दिल्ली

तिथि :

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद

